केंद्रीय विद्यालय के छात्र शुभम ने किया कमाल

जागरण संवाददाता, श्रीनगर गढ़वाल: केंद्रीय विद्यालय श्रीनगर के छात्र शुभम देवराड़ी ने मौसम को लेकर आयोजित नेशनल ओलंपियाड में प्रथम स्थान लेकर गढ़वाल का ही नहीं वरन प्रदेश का नाम भी रोशन किया है। भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अधीन मौसम विज्ञान विभाग की ओर से अपने 150 वें स्थापना दिवस के अवसर पर भारत मंडपम दिल्ली में 12 से 14 जनवरी तक आयोजित राष्ट्रीय मौसम ओलंपियाड में शुभम ने उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए यह शानदार उपलब्धि हासिल की। मंगलवार को स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत मंडपम में आयोजित एक समारोह में शुभम को 25 हजार रुपये का नगद पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया। शुभम केंद्रीय विद्यालय श्रीनगर में कक्षा 11 का छात्र हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्य डा. कृति सक्सेना ने बताया कि यह छात्र शुरू से ही मेधावी रहा है।

वर्ष 2023 की कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा में भी वह प्रदेश मेरिट में दूसरे स्थान पर और पौड़ी जिले में प्रथम स्थान पर रहा। बीते 20 दिसंबर को जलवायु परिवर्तन को लेकर प्रदेश स्तरीय मौसम ओलंपियाड में वह प्रथम रहा था। प्रधानाचार्य कृति सक्सेना ने कहा कि शुभम के दिल्ली से श्रीनगर पहुंचने पर विद्यालय परिवार की ओर से उसका स्वागत और अभिनंदन भी किया जाएगा। इस छात्र ने विद्यालय को गौरवान्वित किया है। शुभम के पिता फार्मेसिस्ट हैं, जबकि माता गृहणी हैं। शुभम की छोटी बहन भी केंद्रीय विद्यालय में ही सातवीं कक्षा में पढ़ती है।

भारत मंडपम दिल्ली में केंद्रीय विद्यालय श्रीनगर के छात्र और प्रतियोगिता में देश में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले शुभम देवराड़ी से वार्ता करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी • साभार स्कूल

पीएम मोदी ने शुभम से की बात

राष्ट्रीय मौसम ओलंपियाड के विजेता और केंद्रीय विद्यालय श्रीनगर के छात्र शुभम देवराड़ी से मंगलवार को भारत मंडपम दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बात करते हुए उससे ओलंपियाड में रुचि के बारे में भी जानकारी ली। शुभम ने बताया कि वह पहाड़ में रहता है और पहाड़ में आए दिन वर्षा और भूस्खलन देखता रहता है। इससे जलवायु परिवर्तन की ओर रुझान बढ़ा। शिक्षकों ने भी उसे प्रोत्साहित किया, जिससे वह नेशनल ओलंपियाड में प्रथम रहा।

डा० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ

जानकीपुरम विस्तार, सेक्टर-11, सीतापुर रोड, लखनऊ-226031

विज्ञापन संख्या-[illegible] / [illegible] / [illegible] / 2025 / [illegible] दिनांक 15.01.2025

निदेशक पद पर सीधी भर्ती

शासनादेश संख्या 14 / 2024 / 515878 / 2024 / 16-1099 / 43 / 2023, दिनांक 11मार्च, 2024 के संदर्भ में डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (ए०के०टी०यू०) उत्तर प्रदेश, लखनऊ (जिसे इसके बाद 'विश्वविद्यालय कहा जायेगा) अपने सहयुक्त दो कालेजों राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, मिर्जापुर एवं राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, प्रतापगढ़ के रिक्त निदेशक पद (विश्वविद्यालय वेबसाइट पर विज्ञापन के साथ प्रदर्शित तालिका में सूचीबद्ध) पर सीधी भर्ती हेतु भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित करता है। निदेशक पद हेतु निर्धारित अर्हता एवं अनुभव का विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। भर्ती हेतु आवेदन से संबंधित समस्त सूचनाएं विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://aktu.ac.in पर दिनांक 15.01.2025 से उपलब्ध होगी तथा आनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 06.02.2025 एवं हार्ड कापी जमा करने की अंतिम तिथि 11.02.2025 होगी। रिक्त पदों की संख्या बिना किसी पूर्व सूचना के परिवर्तित की जा सकती है और इस संबंध में कोई दावा [illegible]